# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चार साल से हार्ट विशेषज्ञ का पद चल रहा है खाली

**इंतजार**

## पैतीस से चालीस साल के युवाओं में हार्ट की बीमारी ज्यादा देखने को है मिल रही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले में वर्तमान में हार्ट के मरीजों की तादात आए दिन बढ़ रही है। इसमें सबसे अधिक तादात पैतीस से चालीस साल तक के युवाओं की तादात काफी ज्यादा है। पूर्व में इससे पहले जिले में सबसे ज्यादा मामले साठ साल के बुर्जुगों में हार्ट संबंधी बीमारी के लक्षण देखने को मिल रहे थे।

जानकारी के मुताबिक सीमांत जनपद की पांच लाख आबादी वाले सीमांत जिले में माह में पंद्रह से बीस लोगों में हार्ट संबधित बीमारियां देखने को मिल रही है। आलम यह है कि जिले में मुख्य अस्पताल में बीते चार साल बीत जाने के बाद भी अब तक हार्ट स्पेशलिस्ट की कमी के चलते जिले में हार्ट के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मजबूरी में हल्द्वानी या बरेली के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में जहां आये दिन हार्ट के मरीजों की संख्या बढ़ रही है वही ऐसी परिस्थिति में जिले में चिकित्सकों की कमी का रोडा आगे आ रहा है।




जिले में चार साल पहले ही वरिष्ठ हार्ट स्पेलिस्ट चिकित्सकों की सेवानिवृति के बाद से ही हार्ट के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों का पद खली चल रहा है। जिले के बीडी पांडे चिकित्सालय में हार्ट की बीमारी से जूझ रहे मरीज आज भी इलाज के लिए मोहताज हो रहे है। आये दिन हार्ट के मरीजों की तादात में अब ज्यादा ही वृद्वि देखने को मिल रही है।

आंकडे बया करते है कि वर्तमान में जो जिले में पैंतीस से लेकर चालीस साल के युवाओं में हार्ट की बीमारी की मौजूदगी हो रही है उसके पीछे युवओं में व्यायाम की कमी व जंक फास्ड फूड और तैलीय युक्त भोजन खाने से जिले में युवा हार्ट के ज्यादा मरीज हो रहे है। वही जिले में लगातार मांग तेज होने लगी है कि हार्ट स्पेशलिस्ट की तैनाती हर हाल में की जाए।

जिले में लगातार हार्ट के मरीजों की बढ़ती तादात ने जिले की स्वास्थ व्यवस्था पर सवाल खडे करने शुरू कर दिये है। वही ऐसी स्थिति में मरीजों के सामने परेशानी है कि उन्हे जिले से बाहर इलाज कराने को जाना पड़ रहा है।

**महीनों पहले दिखते हैं ये लक्षण**

हार्ट अटैक अचानक जरूर होता है लेकिन बिना संकेत दिए यह भी नहीं आता। बस जरूरी यह है कि हम शरीर के इन इशारों के समझ पाते हैं या नहीं। जरा–सी चूक भी भारी पड़ सकती है। चलने पर काम करते समय छाती में हैवीनेस या भारीपन होता है। जो काम बंद करने के बाद ठीक हो जाता है। एंजायना पेन कहलाता है। यह दिल की बीमारी का एक सामान्य लक्षण होता है और ज्यादतर केसेज में देखने को मिलता है।

## न्यूज डायरी

### जनता को भुगतना पड रहा सरकार की नासमझी का खमियाजा: किशोर

**संवाददाता** हरिद्वार। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने भाजपा की प्रदेश सरकार पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लॉकडाउन की वजह से प्रदेश की जनता बेहाल है। प्रदेश के भीतर व्यापार पूरी तरह से चौपट है। जिसकी तरिके से व्यापारी वर्ग, होटल व्यवसाई सहित परिवहन व्यवसाय से जुडे लोगों को अपना परिवार चलाने के लिए जदोहद करना पड़ रहा है। वहीं प्रदेश की सरकार प्रदेश के लोगों को राहत देने की बजाय उन पर बिजली, पानी और टैक्स का बोझ डालकर परेशान कर रही है। जिससे लोगों के आगे अंधेरा नजर आ रहा है। किशोर उपाध्याय गुरूवार को प्रेस क्लब हरिद्वार में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर हम हरिद्वार की बात करें तो हरिद्वार एक तीर्थ स्थल है। जहां पर अधिकांश लोगों की जीविका यात्रियों पर निर्भर है। लॉकडाउन प्रारम्भ से लेकर अब तक यात्रियों के आवागमन पर रोक थी।

### भारतीय वायु सेना के लिए आज बहुत ही खास दिन: हेमन्त

**संवाददाता** हरिद्वार। मानव अधिकार संरक्षण समिति के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री हेमन्त सिंह नेगी ने वायु सेना दिवस के अवसर पर कहा कि भारतीय वायु सेना के लिए आज बहुत ही खास दिन है। वायुसेना आज गुरुवार को अपना गौरवशाली स्थापना दिवस मना रही है। इस स्थापना दिवस को वायु सेना दिवस के रूप में भी जाना जाता है। भारतीय वायु सेना, भारतीय सशस्त्र बलों की हवाई शाखा है। कर्मियों और विमानों की संपत्तियों का पूरक दुनिया की वायु सेनाओं में चौथे स्थान पर है। इसका प्राथमिक मिशन भारतीय हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करना और सशस्त्र संघर्ष के दौरान हवाई युद्ध करना है।

### एक्सिस म्युचुअल फंड ने नया कैंपेन 'शुरुआतसिपसे' लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। एक्सिस म्युचुअल फंड, जो देश के तेजी से बढ़ते म्युचुअल फंड हाउसेज में से एक है, ने "शुरुआतसिपसे" नामक अपना नया डिजिटल अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य सिप के महत्व के बारे में निवेशकों को जानकारी प्रदान करना है ताकि वो अपने इच्छित वित्तीय लक्ष्य हासिल कर सकें। मौजूदा महामारी ने हमें अनुशासित निवेश का महत्व। सीखा दिया है। पिछले छः महीने में जोखिम लेने की क्षमताओं में भारी बदलाव आया है और ऐसी स्थिति में, आपकी मेहनत की कमाई को बचाने व उसे बढ़ाने का उपयुक्त साधन है, सिस्टिमेटिक इन्वेस्टईमेंट प्लान। लचीलापन, अनुशासित एप्रोच, और कंपाउंडिंग क्षमता जैसे कई लाभों के चलते, निवेश पोर्टफोलियो में सिप्स का महत्वपूर्ण स्थालन है।

## नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों व महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष का अभिनंदन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों का महानगर कार्यालय पर ढोल की थाप पर भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया और इस अवसर पर पार्टी को व्यापक स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

यहां भाजपा महानगर कार्यालय में महिला मोर्चा की नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष कमली भटट, प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदिनी शर्मा, प्रदेश मंत्री वंदना ठाकुर, प्रदेश मंत्री डा. बबीता सहोत्रा आनंद, पूनम शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीताराम भटट ने कहा है कि सभी को साथ लेकर पार्टी को आगे बढाने का काम किया जायेगा और जहां पर महानगर की आवश्यकता होगी वह हर समय तैयार है और अधिक से अधिक महिलाओं को मोर्चा में शामिल किया जाये।



## धान क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण के लिये टीम गठित

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी रविशंकर को किसानों से धान की फसल को बेचने में आ रही दिक्कतों के सम्बन्ध में निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जबकि धान खरीद की यह प्रक्रिया प्रत्येक वर्ष की नियमित प्रक्रिया है।

किसानों की बार–बार आ रही शिकायतों व कृषकों के आक्रोश को देखते हुये जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण के लिये टीम गठित की थी। धान क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में केके मिश्रा एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि हरिद्वार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में धान खरीद के लिये खाद्य विभाग एवं यूसीपीएफ के 17 धान क्रय केन्द्र खोले गये थे। जिन्हें 01 अक्टूबर से संचालित होना था, बार–बार बैठकों में क्रय केन्द्रों के संचालन हेतु जिला खरीद अधिकारी द्वारा मौखिक अथवा लिखित रूप से निर्देशित करने के बावजूद इन धान क्रय केन्द्रों की ढीली कार्य प्रणाली के बारे में किसानों से शिकायतें प्राप्त हो रही थी।

# नो सिंगल एरिया में संचार के लिए एसडीआरएफ द्वारा स्थापित किया गया है क्विक डिप्लोएबल एंटिना

**संवाददाता**

**मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मलारी, गुंजी और त्यूणी के ग्रामीणों से बात की**

**प्रथम पेज का शेष.....**

देहरादून। उत्तराखंड देश में प्रथम राज्य है जो इस प्रकार की टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहा है। वर्तमान में देश में एनडीआरएफ और पैरामिलेट्री फोर्सेस ही इसका उपयोग कर रहे हैं।

क्यूडीए एक प्रकार से नो सिंगल एरिया से संचार स्थापित करने की महत्तम ओर नवीनतम टेक्नोलॉजी है। इस प्रणाली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डेटा को भेजने के लिए 1.2 मीटर क्यू.डी.ए (वी.एस.ए.टी) एंटीना टर्मिनलों और 1.2 मीटर स्टेटिक (वी.एस.ए.टी बहुत छोटे एपेरचर टर्मिनल) एंटीना टर्मिनल का उपयोग होता है। यह विभिन्न वीसैट टर्मिनल के साथ उपग्रह आधारित संचार स्थापित करने में मदद करता है। वॉयस और वीडियो संचार को दूरस्थ से दूरस्थ वी.एस.ए.टी टर्मिनलों तक संप्रेषित किया जाता है। 1.2 मीटर क्यू.डी.ए वी.एस.ए.टी एक पोर्टेबल सिस्टम है जो अलग–अलग दूरस्थ क्षेत्रों में तुरंत स्थापित किया जा सकता है सकता है और किसी भी इलाके में स्थापित हो सकता है। साधारण तौर पर यह कह सकते है कि यह टेक्नोलॉजी किसी ऐसे क्षेत्र में जहां किसी प्रकार का संचार का साधन नही है, उपयोग करने पर तत्काल सेटेलाइट से सम्पर्क स्थापित कर लाइव ऑडियो ओर वीडियो कॉल की सुविधा देता है।

क्यू.डी.ए. 'स्टैटिक ओर मोबाइल' दो प्रकार का होता है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए किसी भी आपदा के दौरान स्टेटिक क्यू.डी.ए. का एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय जोलीग्रांट, एसडीएमए, देहरादून या किसी अन्य उपयुक्त स्थान में स्थापित किया जा सकेगा मोबाइल क्यू.डी.ए. को तत्काल हेलीकॉप्टर की सहायता से सम्बंधित क्षेत्रो में भेजकर स्थापित किया जाएगा। जहां से आपदा के दौरान आपदा ग्रस्त क्षेत्र की स्थिति एवं नुकसान की जानकारी तत्काल प्राप्त हो सकेगी। साथ ही बचाव के लिए सशक्त योजना के अनेक विकल्प प्राप्त हो सकेंगे।

## मुआवजे को लेकर राशन डीलरों में आक्रोश

**संवाददाता** हरिद्वार। कोरोना संक्रमण के चलते हुई राशन डीलर की मौत के बाद भी मुआवजा न देने पर नाराज उत्तराखंड राजकीय उचित दर विक्रेता एसोसिएशन के बैनर तले राज्य खाद्यान्न गोदाम में शहर के राशन डीलरों ने सभा की। और जिलापूर्ति अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने चेताया कि अगर जल्द मृतक के परिवार को मुआवजा न दिया गया तो प्रदेशभर की सस्ते गल्ले की दुकानों को बंद कर हड़ताल जाने की चेतावनी दी है। एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मार्च माह में कोरोना संक्रमण पूरी तरह फैल गया था। जिसके बाद से सभी राशन विक्रेता व अपना व ग्राहक बचाव करते हुए खाद्यान्न वितरण कर रहे हैं। बीते दिनों ज्वालापुर निवासी राशन विक्रेता अजनीश सिखौला राशन वितरण में ही कोरोना से पीड़ित हो गए थे जिनकी कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई। सरकार की ओर से कोरोना संक्रमण से मृत्यु होने पर दुकानदार को 10 लाख का मुआवजा देने की बात कही गई थी। दुख की बात यह है कि उनके परिवार को पहले से घोषित दस लाख का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है।